दिन– शुक्रवार दिनांक– 26 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरूआत करेंगे। पचहत्तर लाख महिलाओं के बैंक खाते में भेजेंगे दस–दस हजार रूपये की राशि।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह आज दो दिवसीय दौरे पर पटना आ रहे हैं। अररिया, सहरसा, पूर्णिया और भागलपुर में मंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को करेंगे संबोधित।

03. कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी आज पटना और मोतिहारी में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगी।

04. और, गयाजी के खिजरसराय में फल्गु नदी में रील बनाने के दौरान डूबने से पांच किशोरों की मौत।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरूआत करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले दिनों इस योजना की घोषणा की थी।

–––बाईट–––

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुख्य अतिथि होंगे। केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार सहित राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य और जन प्रतिनिधि भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर आज पटना पहुंच रहे हैं। श्री शाह अररिया, सहरसा, पूर्णिया और भागलपुर में मंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। साथ ही वे कल अररिया के फारबिसगंज में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। श्री शाह पटना में पार्टी पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ चुनावी रणनीति को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। इधर, भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान आज पटना आ रहे हैं। श्री प्रधान पार्टी प्रदेश मुख्यालय में एक बैठक करेंगे।

---

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी आज बिहार आ रही हैं। वे पटना के सदाकत आश्रम में महिला संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगी। इसके बाद श्रीमती गांधी मोतिहारी में एक जनसभा को संबोधित करेंगी।

---

निर्वाचन आयोग–ईसीआई ने चुनावों में डाक मतपत्रों की गिनती प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। इसके अनुसार ईवीएम और वीवीपैट की गणना के आखिरी चरण में सभी डाक मतपत्रों की गणना अनिवार्य बना दी गई है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि दिव्यांगजनों और पचासी वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को घर से वोट डालने की सुविधा के कारण हाल के चुनावों में डाक मतपत्रों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आयोग ने चुनाव अधिकारियों को उन निर्वाचन क्षेत्रों में अतिरिक्त मतगणना टेबल और कर्मचारी उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया है जहाँ डाक मतपत्रों की संख्या अधिक होती है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि मतगणना सुचारू रूप से और बिना किसी देरी के हो।

---

पटना उच्च न्यायालय ने दानापुर के चर्चित सत्य नारायण सिन्हा हत्याकांड में राजद विधायक रीत लाल यादव के बरी करने के निचली अदालत के आदेश को निरस्त कर दिया है। न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद और न्यायमूर्ति अशोक कुमार पांडेय की खण्डपीठ ने राज्य सरकार और पूर्व विधायक आशा सिन्हा की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुये यह फैसला सुनाया। इस मामले में रीत लाल यादव को निचली अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – सेवा पर्व में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने भारत के बढ़ते ई–गवर्नेंस इकोसिस्टम के माध्यम से शासन को एक सहज, पारदर्शी और समावेशी डिजिटल अनुभव में बदल दिया है।

–––बाईट–––

---

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। माल और वस्तुओं की व्यापक रेंज पर कर की दर घटने से नागरिकों को अत्यधिक राहत मिली है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन आज भी माँ दुर्गा के चौथे स्वरूप कुष्माण्डा की पूजा अर्चना की जा रही है।

———म्यूजिक———

हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवी का यह स्वरूप कष्टों और संकटों से मुक्ति दिलाता है। इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया कि सुबह से ही मंदिरों और शक्तिपीठों में पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पूरा वातावरण माँ दुर्गा के मंत्रोच्चार से गुंजायमान है।

———म्यूजिक———

---

वन और अनुसंधान संस्थान, देहरादून के वैज्ञानिकों के अनुसार बोधगया के महाबोधि मंदिर में पवित्र बोधि वृक्ष पूरी तरह सुरक्षित है। बोधि वृक्ष की स्वास्थ्य जांच के बाद वैज्ञानिकों की टीम ने एहतियाती तौर पर पवित्र वृक्ष को संक्रमण से बचाने के लिए रसायन का छिड़काव किया। वैज्ञानिकों की यह टीम कल पटना में बुद्ध स्मृति पार्क, विधानसभा और मुख्यमंत्री आवास में बोधि वृक्ष की जांच करेगी।

---

गयाजी जिले के खिजरसराय थाना क्षेत्र के फल्गु नदी के केनी घाट पर रील बनाने के क्रम में डूबने से पांच किशोरों की मौत हो गयी। मृतकों की उम्र बारह से सत्रह वर्ष के बीच थी। एक स्थानीय युवक ने एक किशोर को बचा लिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे पर गहरा दुख जताते हुये सभी मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रूपये की सहायता राशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

---

एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट के फाईनल में भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। कल खेले गये एक मैच में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को पराजित कर फाईनल में जगह बनायी। फाईनल मैच अट्ठाईस सितम्बर को दुबई में खेला जायेगा। एशिया कप के फाईनल में पहली बार ये दोनों टीमें आमने–सामने होंगी। इधर, तीसरे सुपर फ़ोर मैच में भारत का मुकाबला आज शाम श्रीलंका से होगा।

---

भोजपुर जिले के गीधा थाना क्षेत्र में पुलिस और एसटीएफ की टीम ने वाहन जांच के दौरान एक चार पहिया वाहन से तीन किलो से अधिक हेरोईन के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

पटना के खुसरूपुर थाना क्षेत्र के बैकटपुर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्‌भेदन किया है। मौके से भारी मात्रा में निर्मित–अर्द्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरण के साथ छह अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है।

---

पटना स्थित निगरानी की विशेष अदालत ने पटना सिविल सर्जन कार्यालय के तत्कालीन लिपिक चौधरी नागमणी को घूस लेने के मामले में एक वर्ष कारावास और दस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

समस्तीपुर जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र के सातनपुर में अपराधियों ने करिहारा पंचायत के मुखिया मनोरंजन गिरी की गोली मारकर हत्या कर दी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– बिहार में महासमर की महा तैयारी, रण क्षेत्र में सियासी सूरमाओं के उतरने का सिलसिला तेज।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– चुनाव आयोग ने बदले वोटों की गिनती के नियम। डाक मतपत्रों की गिनती के बाद होगी ईवीएम के अंतिम दो राउंड की गिनती।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है–आप चुनाव के मुहाने पर हैं, किसी बहकावे में नहीं आये।

दैनिक भास्कर लिखता है– वोटरों को साधने के लिए भाजपा का लवकुश कार्ड, धर्मेन्द्र बिहार के प्रधान बने।

राष्ट्रीय सहारा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को प्रमुखता देते हुये लिखा है– जीएसटी सुधार रहेंगे जारी।

आज अखबार के शब्द है– पीएम मोदी आज बिहार की पचहत्तर लाख महिलाओं को देंगे दस–दस हजार।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरूआत करेंगे। पचहत्तर लाख महिलाओं के बैंक खाते में भेजेंगे दस–दस हजार रूपये की राशि।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह आज दो दिवसीय दौरे पर पटना आ रहे हैं। अररिया, सहरसा, पूर्णिया और भागलपुर में मंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को करेंगे संबोधित।

03. कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी आज पटना और मोतिहारी में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगी।

04. और, गयाजी के खिजरसराय में फल्गु नदी में रील बनाने के दौरान डूबने से पांच किशोरों की मौत।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।